राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 102/2024

राज्यपाल ने 'बुद्ध पूर्णिमा' के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 22 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि वैशाखी पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति एवं उनका महापरिनिर्वाण हुआ था और इनके उपलक्ष्य में 'बुद्ध पूर्णिमा' आयोजित की जाती है।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका समाधान भी भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है।

उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता में अहम योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

....